UP Board Notes Class 8 Hindi Chapter 15 टीपू सुल्तान (महान व्यक्तित्व)

पाठ का सारांश

टीपू सुल्तान का जन्म सन् 1753 ई० में हुआ। इसके पिता का नाम हैदरअली था। इनके पिता मैसूर के शासक थे। उन्होंने मैसूर राज्य की सीमा को काफी विस्तृत किया। टीपू सुल्तान की अवस्था जब तीस वर्ष थी, हैदरअली की मृत्यु हो गई। पिता की मृत्यु के बाद टीपू सुल्तान मैसूर का शासक बना।

उस समय ईस्ट इण्डिया कम्पनी का राज्य बढ़ रहा था। अंग्रेजों ने मराठों से सन्धि करे टीपू पर आक्रमण कर दिया। टीपू ने अपनी सेना को सुदृढ़ नहीं किया था। टीपू की हार हुई और युद्ध क्षेत्र में वह वीरगति को प्राप्त हुआ। अंग्रेजों एवं मराठा सैनिकों ने उसके खजाने को लूट लिया।

टीपू सुल्तान महान वीर, कुशल शासक और देशभक्त था। उसके राज्य में कोई शराब नहीं पी सकता था। राजाज्ञा का उल्लंघन करने वालों को कठोर दण्ड दिया जाता था। हिन्दुओं के प्रति टीपू सहिष्णु था। शिक्षा- देशभक्ति प्राणों से भी प्रिय होनी चाहिए।